**Report 2012-13**

Faculty Convener: Dr. Sushma Sehrawat

Department of Hindi

# सृजन

(**हिन्दी रचनात्मक लेखन समिति**)

**(HINDI CREATIVE WRITING SOCIETY)**

**<u>वार्षिकरिपोर्ट 2013</u>**

**21 फरवरी, 2013** को हिंदी साहित्य परिषद् के तत्वावधान में 'सृजन' द्वारा अंतर्महाविद्यालय मौलिक कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ अनीता, डॉ वीरेंद्र सक्सेना और डॉ बलराज थे। प्रतियोगिता में विभिन्न महाविद्यालयों के अनेक प्रतियोगियों ने भाग लिया। प्रथम पुरस्कार भारती कॉलेज की छात्रा अर्चना ने, द्वितीय पुरस्कार गार्गी कॉलेज की छात्रा मंजु ने तथा तृतीय पुरस्कार गार्गी कॉलेज की ही छात्रा मेघा ने प्राप्त किया। पुरस्कार स्वरूप क्रमशः 1000/, 700/ तथा 500/ नगद राशि दी गई। इन्हें प्रमाण-पत्र भी प्रदान किये गये। इस प्रतियोगिता में चल वैजयंती पुरस्कार गार्गी कॉलेज की छात्राओं मंजु और मेघा ने प्राप्त किया।

कॉलेज के उल्लास फेस्ट के दौरान **4 मार्च 2013** को 'सृजन' द्वारा अंतर्महाविद्यालय रचनात्मक लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न महाविद्यालय के 33 प्रतियोगियों ने अत्यंत उत्साहपूर्वक भाग लिया। निर्णायक मंडल में डॉ अनिल कुमार तथा मनोज के. सिंह थे। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार कमला नेहरू कॉलेज की छात्रा वंदना ने**,** द्वितीय पुरस्कार गार्गी कॉलेज की छात्रा खुशबू ने तथा तृतीय पुरस्कार आत्माराम सनातन धर्म कॉलेज के छात्र राजेश विश्वास ने प्राप्त किया। पुरस्कार स्वरूप क्रमशः 2000/.1000/ तथा 700/ नगद राशि दी गई। इन्हें प्रमाण-पत्र भी प्रदान किये गये।

**11 अप्रैल 2013** को 'सृजन' द्वारा अंतःमहाविद्यालय 'नारा( स्लोगन) लेखन' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निर्णायक मंडल में डॉ सोमासेन गुप्ता तथा डॉ पंकज कुमार थे। प्रतियोगिता में काफ़ी संख्या में छात्राओं की भागीदारी रही। प्रथम पुरस्कार हिंदी विशेष प्रथम वर्ष की छात्रा सोनी ने, द्वितीय पुरस्कार हिंदी विशेष तृतीय वर्ष की छात्रा अन्नु भडाना ने तथा तृतीय पुरस्कार हिंदी विशेष प्रथम वर्ष की छात्रा अंजना ने प्राप्त किया। सीमा, सिंथिया जॉनसन और भावना को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। पुरस्कार स्वरूप छात्राओं को प्रमाण-पत्र प्रदान किये गये।

**22 अगस्त 2013** को 'सृजन' द्वारा कॉलेज की सभी छात्राओं हेतु रचनात्मक लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के विभिन्न विषयों की 24 छात्राओं ने प्रतिभागिता की। विषय था- '**उत्तराखंड की त्रासदीः एक सबक**'। इस विषय पर छात्राओं ने कविता, कहानी एवं लेख लिखकर अपने-अपने विचार अभिव्यक्त किये। निर्णायक- मंडल में थीं- डॉ संगीता वर्मा, डॉ अनुराधा गुप्ता तथा प्रियंका सोनकर। प्रथम पुरस्कार राजनीति विज्ञान विशेष की छात्रा उर्वशी सिंघल ने प्राप्त किया, द्वितीय पुरस्कार राजनीति विज्ञान विशेष की ही छात्रा सोनम ने तथा तृतीय पुरस्कार भूगोल विशेष की छात्रा नेहा मिश्रा ने प्राप्त किया। प्रथम पुरस्कार, द्वितीय पुरस्कार तथा तृतीय पुरस्कार के रूप में 500/, 300/ तथा 200/ नगद राशि दी गई। राजनीति विज्ञान विशेष की छात्राओं सुमन कुमारी और नेहा को सांत्वना पुरस्कार दिये गये। सभी प्रतिभागी छात्राओं को प्रतिभागिता प्रमाण-पत्र भी वितरीत किये गये।

**26 सितंबर 2013** को 'सृजन' द्वारा कॉलेज की सभी छात्राओं हेतु अंतःमहाविद्यालय मौलिक कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें महाविद्यालय की कई छात्राओं ने विभिन्न विषयों पर अपनी कविता का पाठ किया। निर्णायक मंडल में डॉ सुषमा चौधरी और डॉ भारती थीं। प्रथम पुरस्कार एम.ए. हिंदी पूर्वार्द्ध की छात्रा सिंथिया जॉनसन ने, द्वितीय पुरस्कार हिंदी विशेष प्रथम वर्ष की छात्रा हिमानी कंवर ने तथा तृतीय पुरस्कार हिंदी विशेष तृतीय वर्ष की छात्रा निशा ने प्राप्त किया। प्रथम पुरस्कार, द्वितीय पुरस्कार तथा तृतीय पुरस्कार के रूप में 500/, 300/ तथा 200/ नगद राशि दी गई। हिंदी विशेष तृतीय वर्ष की छात्रा भावना तथा हिंदी विशेष प्रथम वर्ष की छात्रा नेहा को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किये गये।

------------------------------------

**संयोजिका-**

**डॉ सुषमा सहरावत**